आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

09.12.2018

श्री नन्द कुमार गुप्ता 'नन्दी', स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क, पंजीयन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री एवं डॉ. महेन्द्र सिंह, ग्राम्य विकास, समग्र ग्राम विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उत्तर प्रदेश सरकार ने आज आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली का दौरा किया ।

डॉ. महेन्द्र सिंह के दौरे में उनके साथ सरेनी विधायक श्री धीरेन्द्र बहादुर सिंह, विधान पार्षद श्री दिनेश प्रताप सिंह भी थे ।

माननीय मंत्री श्री नन्द कुमार गुप्ता 'नन्दी' व डॉ. महेन्द्र सिंह ने सर्वप्रथम महाप्रबंधक, आरेडिका श्री सुनीत शर्मा के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की संभावित रायबरेली दौरे की तैयारी के बारे में विस्तृत रूप से विचार–विमर्श किया और संभावित सभा–स्थल का भी जायजा लिया । इस दौरान जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री व पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार सिंह भी शामिल थे ।

डॉ. महेन्द्र सिंह माननीय ग्राम्य विकास मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने बताया कि प्रधानमंत्री इस दौरान भारत सरकार व राज्य सरकार की कई योजनाओं का लोकापर्ण एवं शिलान्यास भी करेंगे जिसमें माननीय मुख्यमंत्री, रेल मंत्री व कई अन्य विशिष्टजन भी शामिल होंगे।

इस दौरान प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री अनुप कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री आलोक कुमार, प्रधान मुख्य इंजीनियर श्री आर.बी. यादव व अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे ।

(आर.पी. शर्मा)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी